सी.ई.एन. आर.आर.सी. 01/2019 रेलवे लेवल-1 की परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए अति महत्वपूर्ण सूचना

यह देखा गया है कि वर्तमान में रेलवे भर्ती बोर्डों द्वारा आयोजित की जा रही सी.ई.एन. आर.आर.सी. 01/2019 की परीक्षा के प्रश्न पत्रों के लीक होने के बारे में भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस संदर्भ में सर्वसंबंधित को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे परीक्षा की प्रक्रिया को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि,इसमें लीक की कोई गुंजाइश नहीं है। सभी उम्मीदवारों के प्रश्न पत्र और विकल्प अनियमित क्रम में व्यवस्थित रहते हैं। प्रश्न पत्र केवल अधिकृत उम्मीदवार द्वारा परीक्षा केंद्र में परीक्षा के दौरान उनको उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर को लागइन करने पर परीक्षा अवधि में ही देखे जा सकते हैं।

इसलिए यदि कोई दावा करता है कि उसके पास प्रश्नपत्र या उत्तर कुंजी की पूर्व सूचना है, तो वह भ्रम फैलाने के साथ-साथ आवेदकों को धोखा देने का प्रयास कर रहा है। अतः इस परीक्षा के उम्मीदवारों से अनुरोध है कि, वे ऐसे बिचौलियों/दलालों पर बिलकुल भी विश्वास न करें और न ही इसके बहकावे में आयें व इस प्रकार की सूचना की तत्काल रिपोर्ट भी करें।

ऐसी घटनाओं की सूचना निम्नलिखित माध्यमों से रेलवे को दी जा सकती है-

1. रेलवे भर्ती बोर्डों की अधिकृत वेबसाइटों पर उल्लिखित ई-मेल व दूरभाष पर।
2. निकटतम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करके।

सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

अध्यक्ष,रेलवे भर्ती बोर्ड

दिनाँक -29.08.2022